# बिजली घर से कॉपर के तार चोरी करने वाले पांच चोर गिरफ्तार, 30 लाख का माल बरामद

**नोएडा।** थाना ईकोटेक 1 पुलिस ने बिजली घर से एक कॉपर के तार चोरी करने वाले पांच शातिर चोरों को गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के पास से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने 30 लाख रुपए का चोरी का माल भी बरामद किया है , साथ ही एक महिंद्रा पिकअप और तीन बाइक पुलिस ने बरामद की है। यह चोर सामान को बेचने की फिराक में थे।

ग्रेटर नोएडा डीसीपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को दनकौर से आने वाले रास्ते पर गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के पास से पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दिल्ली के रहने वाले आरिफ, सुरेंद्र , मुनस्सर , मासूम अली और जिला रामपुर के रहने वाला सरवन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से बिजली घर से चोरी किया गया भारी मात्रा में सामान बरामद किया है। यह लोग चोरी के सामान को बेचने जा रहे थे तभी पुलिस ने इनको गिरफ्तार कर लिया।ग्रेटर नोएडा डीसीपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि एनपीसीएल सब



स्टेशन से 7/ 8 की रात को घरबरा बिजली घर से केवल 2 से 3 किलोमीटर लंबा चोरी हो गया था। जिस के संबंध में इकोटेक वन पर मामला दर्ज किया गया और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। जिसके बाद सोमवार को इकोटेक वन थाना पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने पूछताछ में बताया कि उन्होंने चोरी से पहले सभी स्टेशनों की रेकी की थी और उन्होंने जिन सभी स्टेशनों पर गार्ड नहीं थे या जहां पर ज्यादा अंधेरा था वहां पर चोरी की योजना बनाई थी।

**आरोपियों के पास से 5 किमी लंबा बिल के टुकड़े बरामद:** ईकोटेक वन पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 5 आरोपियों के पास से लगभग 5 किलोमीटर लंबा बिल के टुकड़े बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही एक महिंद्रा पिकअप और तीन बाइक सहित कटारे बरामद हुए हैं। अभिषेक वर्मा ने बताया कि आरोपियों के पास से बरामद सामान की कीमत 25 से 30 लाख रुपए आंकी गई है। इसके साथ ही एक महिंद्रा पिकअप पर तीन बाइक और कटर भी उनके पास से बरामद की गई है। इन सभी की कीमत मिलाकर लगभग 40 से 45 लाख रुपए के बराबर है।

**चोरी से पहले सभी स्टेशनों की रेकी की:** अभिषेक वर्मा ने बताया कि यह पांचों शातिर किस्म के अपराधी हैं इन्होंने एनपीसीएल के सभी स्टेशनों पर चोरी करने से पहले वहां की रेकी की और जिन सब स्टेशनों पर गार्ड नहीं थे उन सभी स्टेशनों पर जाकर वहां से हैवी केवल व अन्य सामान चुरा लिया चोरी करते समय उन्होंने देखा कि जिनके विलो में करंट नहीं था उन्हीं के बिलों को काटकर चोरी कर ले गए।

**केवल को बेचकर कमाना था मोटा मुनाफा:** गिरफ्तार पांचों आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि यह केवल को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर कबाड़ी को बेचने वाले थे जिससे यह सामान से मोटा मुनाफा कमाना चाहते थे लेकिन उससे पहले ही इकोटेक वन थाना पुलिस ने पांचों आरोपियों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्वाइंट कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन



**नोएडा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, नोएडा इकाई ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्वाइंट कमिश्नर मुकेश पांडेय को एक ज्ञापन सौंपा। जीएसटी विभाग द्वारा सर्वे एवं छापों की कार्रवाई को 72 घंटे में सरकार द्वारा रोकने के फैसले का स्वागत करते हुए नरेश कुच्छल ने सरकार को धन्यवाद दिया और कहा कि सरकार का यह कदम व्यापारियों के हित में है। उन्होंने कहा कि वे अपंजीकृत व्यापारियों के साथ खड़े नहीं हैं। जो व्यापारी अपंजीकृत हैं, उन्हें सरकार को राजस्व प्रदान करने के हित में आगे आकर पंजीकरण कराना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधि मंडल द्वारा समय-समय पर जीएसटी विभाग का कैंप लगाया जाता है और ऐसे व्यापारी जो जीएसटी विभाग में अपंजीकृत हैं, उन्हें पंजीकृत कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष नरेश कुच्छल, चेयरमैन रामअवतार सिंह, दिनेश महावर, मनोज भाटी, संदीप चौहान, मूलचंद गुप्ता, राधेश्याम गोयल, सत्यनारायण गोयल, राजीव अग्रवाल, महेंद्र कटारिया आदि शामिल रहे।

# वेस्ट- टु-वेल्थ वैल्यू चेन की मजबूती के लिए सरकारों और उद्यमियों से काम करने की अपील

**नोएडा।** यूफ्लेक्स लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अशोक चतुर्वेदी ने न्यूयॉर्क में न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज की बैठक में एलायंस टु एंड प्लास्टिक वेस्ट बोर्ड की बैठक में मल्टी-लेयर्ड प्लास्टिक को दोबारा रिसाइकिल करने के बारे में अपने विचारों और दृष्टिकोण को साझा किया। यूफ्लेक्स भारत में फ्लेक्सबिल पैकेजिंग मटीरियल और सोल्यूशन के क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी है। इस कंपनी को दुनिया भर में मिक्सड प्लास्टिक वेस्ट की रिसाइक्लिंग की पहली कंपनी होने का श्रेय दिया जाता है। कंपनी का रिसाइक्लिंग संयंत्र भारत के एनसीआर क्षेत्र, नोएडा में 1995 से है। कंपनी के रिसाइक्लिंग के दिशा में किए गए प्रयासों की दावोस रिसाइक्लिंग फोरम और भारत सरकार ने पहचान की है। न्यूयॉर्क में हुई एईपीडब्ल्यू की बोर्ड मीटिंग में चतुर्वेदी ने दुनिया भर में मल्टी-लेयर मिक्स्ड प्लास्टिक के लगातार एवं अत्यावश्यक इस्तेमाल का मुद्दा मजबूती से उठाया। यह जरूरी और आवश्यक कई पदार्थों की पैकेजिंग के लिए अवरोधक का काम करते हैं, जिसमें फूड प्रॉडक्ट्स भी शामिल हैं। यह तेज रफ्तार से पैकेजिंग के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। इन्हें 100 फीसदी रीसाइकिल किया जा सकता है। चतुर्वेदी की एईपीडब्ल्यू बोर्ड के सामने दी गई प्रेजेंटेशन में नोएडा, पौलेंड और मैक्सिको में यूफ्लेक्स के रिसाइक्लिंग संयंत्र का वर्चुअल दौरा भी शामिल था। इन संयंत्रों में उपभोक्ताओं के इस्तेमाल के बाद मिक्स्ड प्लास्टिक वेस्ट को घरों में काम आने वाले उपयोगी पदार्थों और इंडस्ट्री में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक प्रॉडक्ट्स के रूप में तब्दील किया जाता है। जैसे कूड़ेदान, आउटडोर फर्नीचर और अन्य वस्तुओं का निर्माण रिसाइकिल किए गए प्लास्टिक प्रॉडक्ट्स से किया जाता है। यूफ्लेक्स की नोएडा में एडवांस्ड इंजेक्शन मोल्डिंग की फैक्ट्री है।

आज, यूफलेक्स के रिसाइक्लिंग प्लांट में रिसाइकिल किए गए ग्रैन्यूल्स से सजावटी, क्रियाशील, इंजीनियरिंग पार्ट्स, घरेलू सामान, ऑफिस प्रोडक्ट्स और कई दूसरे सामान बनाए जाते हैं। यूफ्लेक्स ने अभी तक 5 लाख से ज्यादा मल्टी-लेयर मिक्स्ड प्लास्टिक वेस्ट को रिसाइकिल किया है। कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष में अपनी पौलेंड और मैक्सिको की साइट्स पर 20 मिलियन अमेरिकी डॉलर से ज्यादा खर्च किए हैं। स्थायी लचीले पैकेजिंग सोल्यूशन में इंडस्ट्री का लीडर होने के नाते यूफ्लेक्स ने दुनिया भर में ह्यप्रोजेक्ट प्लास्टिक फिक्स के नाम से स्थिरता लाने की पहल की है।

यह पहल कंपनी के 4 आर के नजरिये से मेल खाती है। कंपनी ने बढ़ते प्लास्टिक के स्टॉक के लिए और वातावरण से प्लास्टिक कचरे को दूर हटाने को एक चुनौती के रूप में लिया है। कंपनी निर्माण के स्त्रोत से ही प्लास्टिक का इस्तेमाल करने में कटौती कर रही है।

कंपनी आमतौर पर पीसीआर से बनी फिल्मों का इस्तेमाल कर रही है। चतुर्वेदी ने कहा उन्होंने कई देशों और क्षेत्रों के ब्रैंड ओनर्स और नागरिक निकायों से आपस में सहयोग करने और रिसाइक्लिंग की वैल्यू चेन को मजबूत करने का आग्रह किया।

# फर्जी वीजा बनाकर लाखों रुपए की ठगी करने वाली महिला गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 63 पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने और फर्जी वीजा बनाकर लाखों रुपए की ठगी करने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला का गैंग के साथ धोखाधड़ी का काम करती है। पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी महिला के अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ये महिला अपना एक गैंग आपरेट करती है। इसके बाकी के साथियों की तलाश के लिए पुलिस की कई टीम दबिश दे रही है। इसे ग्रेटर नोएडा के इको विलेज-2 सुपरटेक से गिरफ्तार किया गया है।

सेन्ट्रल नोएडा जोन एडीसीपी साद मियां खां ने बताया कि महिला के



खिलाफ शिकायत की थी। जिसके बाद से पुलिस ने महिला की इलेक्ट्रानिक सर्विलांस शुरू कर दी। पुख्ता जानकारी मिलने के बाद पुलिस की एक टीम ने सुपरटेक इकोविलेज-2 टावर ए-2 फ्लैट नंबर 006 से प्रांजली सचान पत्नी अनुज को गिरफ्तार किया। बताया गया कि महिला यही से फोन के जरिए सीधे साधे लोगों को विदेश भेजने के नाम पर ठगी करती थी। पुलिस ने इसके पास से 11 बांग्लादेश के पासपोर्ट और 30 भारतीय पासपोर्ट बरामद किए गए है। पुलिस जांच कर रही है कि ये बांग्लादेशी पासपोर्ट महिला किसके लिए बनवा रही थी। इसके अलावा पासपोर्ट और वीजा के लिए 17 मुहर, 35 वीजा रसीद, एक लैपटॉप व 1 लाख 60 हजार रुपए नगद बरामद किए है।

**महिला करती थी गैंग ऑपरेट:** महिला ने पूछताछ में बताया कि वह ये काम अकेले नहीं करती थी उसके साथ अन्य लोग भी उसके मदद करते थे। यानी एक गैंग आपरेट करती थी। पुलिस अब इसके साथियों की तलाश कर रही है। साथ इनके द्वारा ठगे गए लोगों से संपर्क किया जा रहा है।

# स्वदेशी उद्यमिता दिवस के रूप में मनाया स्व.बाबू गेनू बलिदान दिवस

**नोएडा।** प्रतिवर्ष 12 दिसंबर को हम सब स्व.बाबू गेनू के सर्वोच्च बलिदान - प्राणार्पण के दिन उनकी स्मृति में स्वदेशी दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर नोएडा के श्री जी पब्लिक स्कूल सेक्टर 45 में आयोजित कार्यक्रम में स्वर्गीय बाबू गेनू जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नोएडा से सुरेंद्र सिंह, शशि पाल शर्मा एवं स्कूल के प्रधानाचार्य आशीषश्वर उपाध्याय द्वारा विचार रखे गए हैं।

# युवा व्यापार मंडल ने जीएसटी विभाग की कार्रवाई रोकने पर फोन कर जताया मुख्यमंत्री का आभार

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल द्वारा आज जीएसटी विभाग की कार्रवाई रोकने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को फोन पर धन्यवाद किया। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि कल शाम मुख्यमंत्री जी को जीएसटी विभाग की छापेमारी रोकने के लिए बात की गई। प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने आदरणीय योगी जी को कहा कि व्यापारी न चोर है ना आतंकवादी है, इस तरीके से छापेमारी किसी भी तरीके से ठीक नहीं है। व्यापारियों में डर का माहौल है, पिछले 1 हफ्ते में अरबों रुपए का नुकसान हो चुका है। सभी बाजार बंद पड़े हैं।



मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आप चिंता ना करें, इसे हम बहुत जल्द समाप्त कर देंगे। आज जीएसटी विभाग की छापेमारी रोकने के लिए उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद किया और भविष्य में इस तरह की कार्रवाई ना हो इसके लिए पूरी टीम ने मिलकर व्यापारी एकता अभियान चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन नवनीत गुप्ता ने की। व्यापारी एकता मिशन में प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन, प्रदेश चेयरमैन नवनीत गुप्ता, प्रदेश महामंत्री प्रवीण गर्ग, प्रदेश महामंत्री निखिल अग्रवाल, सौरभ सिंघल, रघुनाथ सिंह, रवि चौहान, सिया राम सोनी व अन्य सैकड़ो व्यापारी सम्मिलित हुए।

# घायलों का मेडिकल परीक्षण कराने आए दबंगों ने वार्ड बॉय व डॉक्टर के साथ की मारपीट

**दादरी।** गांव छायसा में मारपीट होने पर घायलों का मेडिकल सरकारी अस्पताल में कराने के लिए पहुंचे दबंगों ने वार्ड बॉय के साथ मारपीट और डॉक्टर के साथ धक्का-मुक्की कर अभद्रता का व्यवहार किया। तथा आपातकाल कक्ष में रखा फर्नीचर भी तोड़फोड़ किया गया । उक्त घटना में तीन नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पुलिस के अनुसार जारचा कोतवाली क्षेत्र के गांव छायंसा निवासी कोशिंदर, धर्मपाल व एक महिला को गांव में झगड़ा होने पर चोट लगने से घायल हो गई थी । घायलों का मेडिकल कराने के लिए जारचा पुलिस लेकर नगर के सरकारी अस्पताल में रविवार की रात में पहुंची । अस्पताल के आपातकाल कक्ष में डॉक्टर बालेंद्र सिंह व वार्ड बॉय वीरेंद्र सिंह ड्यूटी पर तैनात थे। मेडिकल करने के दौरान वार्ड बॉय वीरेंद्र सिंह ने घायलों के साथ आए लोगों की भीड़ को आपातकाल कक्ष से बाहर निकलने के लिए कहा । जिस पर भीड़ कक्ष से बाहर नहीं निकली ? और वार्ड बॉय वीरेंद्र सिंह के साथ मारपीट कर घायल कर दिया । तथा डॉक्टर बालेंद्र सिंह के साथ धक्का-मुक्की कर अभद्रता का व्यवहार किया। विरोध करने पर आपातकाल कक्ष के फर्नीचर को तोड़ फोड़ कर दिया गया । तथा जमकर हंगामा किया । घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई ।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस को देख दबंग लोग फरार हो गए । घटना की तहरीर अस्पताल के डॉक्टर ने कोतवाली में दी है। प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह का कहना है कि कोशिंदर राजेंद्र धर्मपाल के अलावा चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी है ।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### भूपेंद्र पटेल ने फिर संभाली...

नतीजों के मुताबिक, भपेंद्र पटेल ने घाटलोडिया सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा है। पटेल ने 1.92 लाख मतों के अंतर से जीत दर्ज की। यह सीट गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है जिसका प्रतिनिधित्व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करते हैं। भूपेंद्र पटेल को बहुत से लोग प्यार से 'दादा' बुलाते हैं। उन्हें आनंदीबेन पटेल का करीबी माना जाता है।

**भाजपा का शक्तिप्रदर्शन:** समारोह में भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ ही केंद्रीय मंत्री और उन राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए जहां पार्टी सत्ता में है। इनमें गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, कर्नाटक के मुख्यमंत्री एस आर बोम्मई, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शामिल थे। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, रामदास आठवले और सर्बानंद सोनोवाल ने भी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की।

### डिंपल यादव ने लोकसभा...

का यह गढ़ ढहाना भाजपा के लिए अभी बहुत दूर की कौड़ी है। क्योंकि मुलायम सिंह का अखाड़ा कहे जाने वाले इस क्षेत्र के चुनाव में डिंपल की जीत उनसे भी आगे निकल गई।

**मैनपुरी की पहली महिला सांसद बनीं डिंपल यादव:** लोकसभा सीट पर जीत का रिकार्ड बनानी वाली डिंपल ने मैनपुरी की पहली महिला सांसद बनकर भी इतिहास रचा है। उनसे पहले कभी कोई महिला प्रत्याशी जीत की देहरी तक नहीं पहुंच सकी थी। मैनपुरी लोकसभा सीट पर वर्ष 1999 के चुनाव तक कोई महिल प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ी थी। पहली बाद वर्ष 2004 में कांग्रेस ने महिला प्रत्याशी के रूप सुमन चौहान को लड़ाया गया। उनको पराजय हासिल हुई थी और जमानत भी नहीं बचा सकीं थी।

वर्ष 2009 में भाजपा ने तृप्ति शाक को प्रत्याशी बनाया, परंतु उनकी भी जमानत जब्त हुई। वर्ष 2014 के चुनाव में बसपा की टिकट पर लड़ी डॉ. संघ मित्रा मौर्य तीसरे स्थान तक पहुंची, परंतु जमानत फिर भी न बची। उस चुनाव में निर्दलीय मैदान में उतरी राजेश्वरी की जमानत जब्त हो गई थी। इस उपचुनाव में सपा से डिंपल यादव और निर्दलीय प्रत्याशी सुषमा देवी, दो महिला प्रत्याशी मैदान में थीं। डिंपल यादव ने भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य को पराजित कर पहली महिला सांसद बनने का गौरव हासिल किया।

### दिल्ली के झुग्गीवासियों के...

रहे थे। पुनर्वास के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) से 100 फ्लैट खरीदे गए हैं। लेकिन, इसके बाद बड़ी संख्या में झुग्गी में रहने वाले लोग कोर्ट चले गए हैं। कहा कि मलिन बस्तियों के विकास के संबंध में केंद्र को दिल्ली सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि लगभग 370 झुग्गी-झोपड़ी में से 210 का सर्वेक्षण कर लिया गया है। हाल ही में प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों को कालकाजी में तीन हजार फ्लैट सौंपे हैं। ऐसी दो अन्य परियोजनाएं भी बनकर तैयार हैं।

### सत्येंद्र जैन की याचिका पर...

बाद इस कैश को शेयरों की बिक्री के जरिए तीन कंपनियों में लाया गया। जिसके जरिए यह दिखाने की कोशिश की गई कि इन तीनों कंपनियों की आय बेदाग है। इस प्रक्रिया के जरिए 4.61 करोड़ रुपए की लॉन्ड्रिंग की गई। इसके अलावा जेजे आइडियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी के जरिए भी इसी तरह का अपराध किया गया।

बता दें इस मामले में ईडी ने सीबीआई एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग केस में सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार किया था। सत्येंद्र जैन पर यह एफआईआर भ्रष्टाचार विरोधी धाराओं के तहत साल 2017 में दर्ज की गई थी। जैन पर आरोप है कि चार कंपनियों के जरिए सत्येंद्र जैन ने मनी लॉन्ड्रिंग की थी। इस मामले में उच्च न्यायालय द्वारा अगली सुनवाई 20 दिसंबर को की जाएगी।

### उत्तर रेलवे महाप्रबंधक ने किया...

तथा रसुइया रेलवे स्टेशन पर कर्षण वितरण के बने टी.एस.एस. का निरीक्षण किया।

बरेली कैंट में गंगल ने रेलवे सुरक्षा बल की पुलिस चौकी एवम रेलवे चौकी के पास रेलवे आवासों का गहनता से निरीक्षण किया और कर्मचारियों के परिवारों से उनका हालचाल जाना द्य बरेली कैंट के बाल उद्यान प्रागंण में महाप्रबंधक आशुतोष गंगल, अपर महाप्रबंधक, शमिंदर सिंह, प्रधान कार्यालय के सभी विभागाध्यक्षों तथा अजय नन्दन, मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद द्वारा पौधारोपण किया गया। इसके पश्चात पी.पी.पी. (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर विकसित किए गए बरेली कैंट मालगोदाम का शुभारम्भ किया तथा वहां श्रमिकों एवम व्यापारियों को मिलने वाली सुविधाओं का निरीक्षण किया। जिसमें मुख्य रूप से सोलर पैनल से लगी लाइट की व्यवस्था, व्यापारियो के बैठने के लियें बना कक्ष , श्रमिकों के बैठने के लियें बना कक्ष, कर्मचारियो के खानपान के लियें बनी कैंटीन, मुख्य मॉल पर्यवेक्षक कार्यालय का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया गया।

इसके पश्चात महाप्रबंधक ने बरेली स्टेशन पर प्रतीक्षालय तथा स्टेशन पर लगे एक स्टेशन एक उत्पाद स्टाल का निरीक्षण किया तथा स्टेशन पर पूर्व भुगतान बिजली के मीटर (प्रीपेड इलेक्ट्रिक मीटर) को भी देखा जोकि स्टेशन पर स्टॉल लगाने वाले विक्रेताओं के स्टालों पर लगाए जायेंगे। स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लियें लगी स्वचालित सीढ़ियों तथा लिफ्ट के खराब या बंद होने पर तुरंत ठीक करने के लिए कम्पनी को मैसेज भेजने वाले यन्त्र का भी निरीक्षण किया। इसके साथ-साथ बरेली स्टेशन के प्लेटफार्म एवम आरक्षण कार्यालय, बुकिंग कार्यालय, सरकुलेटिंग एरिया का भी गहनतापूर्वक निरीक्षण किया तथा मीडिया प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर मण्डल में चल रहे विकास कार्यो से अवगत कराया।

महाप्रबंधक ने भिटौरा यार्ड में समपार फाटक संख्या 371, तथा नगरिया सादात-मिलक के मध्य समपार फाटक संख्या 381 का निरीक्षण किया।

मण्डल के रामपुर स्टेशन पर महाप्रबंधक ने नए फुट ओवर ब्रिज तथा संकेत एवं दूरसंचार विभाग, कर्षण वितरण तथा इंजीनियरिंग विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। रामपुर स्टेशन पर आयोजित एक नुक्कड़ नाटक का देख उनके जागरुकता प्रयासों की सराहना की।

मण्डल कार्यालय के मनन सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए गंगल ने उपस्थित मीडिया बंधुओं को मण्डल में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी।

मुरादाबाद निरीक्षण के दौरान शमिंदर सिंह, अपर महाप्रबंधक उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय के सभी विभागाध्यक्ष तथा मण्डल रेल प्रबंधक मुरादाबाद, अजय नन्दन, मण्डल के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### भारत और चीन के...

ने अपने समकक्ष चीन अफसर से फ्लैग मीटिंग की। इस दौरान इस मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई। बातचीत के दौरान दोनों पक्ष इस मामले को मिल-जुलकर हल करने पर सहमत हुए। साथ ही दोनों पक्षों की तरफ से क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने की बात कही गई।

**गलवान के बाद पहली बार:** गौरतलब है कि भारत और चीन के बीच लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर लगातार विवाद की स्थिति रही है। बीते दिनों गलवान घाटी में भी भारत और चीन के बीच संघर्ष हुआ था। अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारत और चीन अपने-अपने दावे वाले इलाकों में कायम रहते हैं। हालांकि, चीन की तरफ से इस तय इलाके का उल्लंघन करने की कोशिश की जाती रही है। ड्रैगन, साल 2006 से ही इस फिराक में लगा हुआ है।

### महंगाई के मोर्चे पर राहत...

(एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक नवंबर में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 4.67 फीसदी रही, जो पिछले महीने 7.01 फीसदी थी।

जनवरी से रिजर्व बैंक की 6 प्रतिशत की ऊपरी सहिष्णुता सीमा से ऊपर रहने के बाद, खुदरा मुद्रास्फीति 11 महीनों में अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई है। दिसंबर 2021 में खुदरा महंगाई दर 5.66 फीसदी रही। रिजर्व बैंक ने पिछले हफ्ते कहा था कि महंगाई का बुरा दौर पीछे छूट गया है, लेकिन महंगाई के खिलाफ लड़ाई में आत्मसंतोष की कोई गुंजाइश नहीं है। केंद्रीय बैंक ने यह भी कहा कि महंगाई वह अर्जुन की नजर बनाकर रखे हुए है। आरबीआई का अनुमान है कि जल्द ही मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत तक गिर जाएगी।

**आरबीआई की दर वृद्धि का असर:** नवंबर के लिए मुद्रास्फीति के आंकड़े आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) द्वारा 7 दिसंबर को रेपो दर को 35 आधार अंकों (बीपीएस) बढ़ाकर 6.25 प्रतिशत करने के कुछ ही दिनों बाद जारी किए गए हैं। आपको बता दें कि रिजर्व बैंक ने आठ महीनों में पांचवीं बार नीतिगत दर में वृद्धि की है।

आरबीआई के नवीनतम पूर्वानुमानों के अनुसार, जनवरी-मार्च 2023 में महंगाई की दर 5.9 प्रतिशत और अप्रैल-जून 2023 में 5 प्रतिशत तक गिर सकती है। अक्टूबर-दिसंबर में सीपीआई मुद्रास्फीति औसतन 6.6 प्रतिशत देखी गई है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अगर महंगाई में कोई बड़ी कमी देखने को नहीं मिली तो आरबीआई फरवरी की एमपीसी मीटिंग में रेपो दर को एक बार और बढ़ा सकता है। उम्मीद है कि आरबीआई रेपो दर में 25 आधार अंकों की वृद्धि का विकल्प चुनेगा। उसके बाद दरें स्थिर हो सकती हैं।

### सदन में जाति और धर्म...

हैं। आप सदस्यों को समझा दें कि वो ऐसा नहीं कह सकते कि मैं हस्तक्षेप नहीं कर सकता। मेरे पास अधिकार है कि हस्तक्षेप करूं। इस पर रेड्डी ने सफाई देते हुए कहा, हम सब यहां चुनकर आते हैं और उम्मीद करते हैं कि आप हमें संरक्षण देंगे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | | |
|---|---|---|
| | एन आई टी | 25-B, C, D, E & F-2022-23-डब्ल्यू-5 |
| 1 | **काम का नाम (स्थान के साथ):** **क्रमांक: B)** सहायक अभियंता/दिल्ली सराय रोहिल्ला के अधीन दिल्ली सराय रोहिल्ला–रेवाड़ी सेक्शन के बीच विभिन्न स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए शौचालय, रैंप और अन्य सुविधाओं का प्रावधान कार्य। **समान कार्य की प्रकृति:** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | |
| | **क्रमांक: C)** सहायक अभियंता/हजरत निजामुद्दीन के अधीन एस.एस.ई./का./एम./तुगलकाबाद के सेक्शन में डीजल शेड तुगलकाबाद में ट्रैक्शन मोटर सेक्शन में वी.डी.एफ. फ्लोरिंग के साथ मेल सेक्शन के निरीक्षण गढ़ों का पुनर्निर्माण कार्य। **समान कार्य की प्रकृति:** कोई भी सिविल कार्य जिसमें कंक्रीटिंग कार्य शामिल है। | |
| | **क्रमांक: D)** सहायक अभियंता/दिल्ली सराय रोहिल्ला के अधीन एसएसई/गुडगांव सेक्शन में 2022-23 की अवधि के लिए दिल्ली सराई रोहिल्ला–रेवाड़ी सेक्शन पर ब्रिज रिपेयर जोन का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति:** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | |
| | **क्रमांक: E)** वरिष्ठ मंडल अभियंता/दिल्ली के अधीन दिल्ली क्षेत्र में हरित पट्टी का विकास कार्य। | |
| | **क्रमांक: F)** सहायक अभियंता/हजरत निजामुद्दीन के अधीन हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर पार्सल कार्गो कॉम्प्लेक्स का विकास कार्य। **समान कार्य की प्रकृति:** स्टील फैब्रिकेशन या एफओबी या प्लेटफार्म शेल्टर या इंडस्ट्रियल शेड या स्टील/कम्पोजिट गर्डर ब्रिज या चैनल स्लीपर्स के माइक्रोवेव/एचटी टावर के निर्माण और निर्माण का कोई भी कार्य। | |
| 2 | **काम की अनुमानित लागत (रुपये): B)** रु. 2,20,26,726.28, **C)** रु. 83,06,390.71, **D)** रु. 54,99,900.90, **E)** रु. 27,11,741.54, **F)** रु. 2,16,90,457.47 | |
| 3 | **अग्रिम राशि (रुपये):** (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोटः– रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/ सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आई आर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) | |
| | **B)** रु. 2,60,100.00, **C)** रु. 1,66,100.00, **D)** रु. 1,10,000.00, **E)** रु. 54,200.00, **F)** रु. 2,58,500.00 | |
| 4 | **काम की समाप्ति अवधि: B)** 6 महीने, **C)** 5 महीने, **D)** 6 महीने, **E)** 4 महीने, **F)** 6 महीने | |
| 5 | **निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय:** 06.01.2023 को 15.00 बजे तक तथा 06.01.2023 को 15.00 बजे निविदा खुलना है। | |
| 6 | **वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | |

**सं.: 128-W/280/OET/2022-23/W-V/25-B, C, D, E & F दिनांक: 12.12.2022 3303/22**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ